## एक नजर में

### केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने मतदाता सूची के एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया



**धार।** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धार लोकसभा क्षेत्र सांसद सावित्री ठाकुर ने देश भर में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अंतर्गत सोमवार को धार नगर के पीपली बाजार क्षेत्र का दोरा कर वार्ड 19 के बूथ क्रमांक 92 पर पहुंचकर क्षेत्रीय लोगों से चर्चा कर इस अभियान संबंधित जानकारी ली एवं एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही संचालित कार्यों की समीक्षा की। क्षेत्रवासियों से अपील है कि बीएलओ अधिकारियों को सही जानकारी प्रदान कर मतदान संबंधी कार्यों में सहयोग प्रदान करें। बूथ क्रमांक 92 के बीएलओ देवेंद्र सिंह ने मंत्री सावित्री ठाकुर को जानकारी देते हुए बताया कि इस बूथ का 90त्न कार्य पूर्ण हो चुका है सिर्फ 10त्न कार्य बचा हे वह भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा इस अवसर पर एसआईआर भाजपा प्रभारी डॉ शरद विजयवर्गीय, जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे संजय शर्मा बूथ अध्यक्ष श्याम पिपलोदिया कैलाश पिपलोदिया राजेश डाबी तरुण सिसोदिया अनिल यादव पूर्व पार्षद सुंदरबाई तहसीलदार दिनेश उइके साहित अनेक भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### एसआईआर सर्वे में शक्ति केंद्र प्रभारी ने लिया बूथों का जायजा



**धार।** भारतीय जनता पार्टी शक्ति केंद्र तिरला के प्रभारी वरिष्ठ नेता ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने सोमवार को शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बूथ 15,16,17 एवं 18 का दौरा कर एसआईआर सर्वे की प्रगति का जायजा लिया। उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम पाटीदार भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान दोनों नेताओं ने बूथ स्तर के बीएलओ से मुलाकात की और सर्वे से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए। शक्ति केंद्र प्रभारी श्री त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर एसआईआर सर्वे की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं और बीएलओ को सर्वे कार्य में पूरा सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सर्वे को समय पर और प्रभावी ढंग से पूरा करने पर जोर दिया गया। दौरे के दौरान राहुल शर्मा, श्याम बाबा और प्रदीप पाटीदार बूथ पदाधिकारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में नेता आमंत्रित पत्रकार उपेक्षित



**कुक्षी।** खेलों को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तरासनें के उद्देश्य को लेकर शासन द्वारा खेल प्रतियोगिताओं पर लाखों रूपये पानी की तरह खर्च किये जाते है.किंतु जिम्मेदारों उदासीनता कहे या लापरवाही की यहां जनजाति कार्य विभाग की मेजबानी में आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय पांच दिवसीय हैंडबॉल प्रतियोगिता यहां के कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित हुई ।इसमें आयोजको नें प्रतियोगिता के शुभारम्भ और समापन में भाजपा-कांग्रेस के जन प्रतिनिधियों को बकायदा आमंत्रित कर मेंटेन तों खूब किया किया गया किंतु राज्य स्तरीय इस आयोजन में मीडिया से जु? प्रतिनिधियों विशेषकर स्थानीय पत्रकारों को आमंत्रित नहीं किया जाना प्रेस में चर्चा का विषय बना.सबसे महत्वपूर्ण यह है की शासन द्वारा लाखों रूपये खेल प्रतियोगिताओं पर खर्च कर खेलों को प्रोत्साहित किये जाने के साथ उभरती हुई प्रतिभाओं को निखारने के साथ राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी जिले का नाम रोशन कर सकें यह इसका मुख्य उद्देश्य होता है.ऐसे में जिम्मेदारों की गैर-जिम्मेदारी ही कहेंगे कि इतने महत्वपूर्ण आयोजन में पत्रकारों को सूचना नही दी गई.प्रेस की मौजूदगी न केवल खिलाड़ियों के प्रदर्शन को जनता और खेल प्रेमियों तक पहुंचाती है बल्कि उन्हें प्रोत्साहन देते हुए खेल विभाग के कार्यों और उपलब्धियों को सार्वजनिक करने का मिडिया सशक्त एक माध्यम है ।ऐसे में पत्रकारों को आधिकारिक सूचना या आमंत्रण नहीं मिलने से स्थानीय प्रेस जगत में भी नाराजगी दिखाई दी ।इस संबंध में जब जिला कीड़ा अधिकारी राधेश्याम ग?वाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उन्होंने मोबाइल रिसीव नही किया ।जिम्मेदारों को चाहिए की भविष्य में ऐसे आयोजनों में मीडिया की उचित भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि खेल और खिलाड़ियों के हितों की अनदेखी न हो और सरकारी धन के उपयोग में पारदर्शिता बनी रहे ।प्रतियोगिता का समापन विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

नवभारत

बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
स्वदेश सिंह पंवार
मो.बा. 96306-42180

# 100 फीसदी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बीएलओ को कड़ी मशक्कत उठानी पड़ रही

**सरदारपुर - विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची के कार्य को पूर्ण करने के लिए अफरा तफरी मची हुई है।100 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बीएलओ को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।अब कार्य सम्पन्न करने मे 10 दिवस का समय ही शेष बचा हुआ है।04 फरवरी को इस कार्य पूर्ण करने की अन्तिम तारीख है।इसलिए बीएलओ पूरा दम लगाकर दिन रात जुटे हुए है।लेकिन ग्रामीण मतदाता इनका साथ पूरी तरह से नही दे पा रहेहै।**



बीएलओ बताते है कि सरदारपुर तहसील आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है।यहां सबसे बड़ी समस्या पलायन बनी हुई है? ।सरदारपुर तहसील से लगभग 20 हजार मतदाता गुजरात पलायन है ।वही इनमे अशिक्षा व जागरूकता का अभाव बहुत ज्यादा है ।पलायन कर गए लोगो की जानकारी नही मिल पा रही है ।पलायन कर गए बहुत से मतदाताओ के मोबाइल नम्बर ही नही लग रहे है ।उनके परिचित बताते है कि उन्होने नये नम्बर ले लिए है ।जो परिचितों को भी मालूम नही है ।वही बहुत से मतदाताओ के नाम मतदाता सूची मे नही है ।जिससे दोनो मतदाता सूची मे मिलान नही होने से दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है ।विशेषकर पलायन कर गई महिलाएं फोन पर सम्पर्क करने के बाद भी पूरी जानकारी नही दे पा रही है ।क्योकि वे अशिक्षित है।

कई जगह बीएलओ, पटवारी, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की बनाई गई संयुक्त टीम मे सामंजस्य का अभाव बना हुआ है ।सब एक दूसरे पर निर्भर होकर बिखरे हुए है ।अनेक बीएलओ ने इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारीयो को भी दी है ।जिस पर जल्द ही वरिष्ठ अधिकारी कार्यवाही करने की तैयारी कर रहे है। इधर एसआयआर से जुड़े अधिकारी माईक लेकर गांव के मोहल्ले मोहल्ले मे दस्तावेजो को लेकर मुनादी कर रहे है ।बीएलओ लोगो का कहना है कि यदि मतदाता सभी दस्तावेजी जानकारी जल्दी और समय पर उपलब्ध करवा दे तो हम 04 दिसम्बर के पहले ही इस कार्य को पूर्ण करने को तैयार है। एसडीएम सलोनी अग्रवाल व तहसीलदार मुकेश बामनिया ने बताया कि वास्तविकता मे महिलाओ की जानकारी बीएलओ को मिलने मे परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है ।इसलिए एसआयआर कार्य मे महिलाओ का प्रतिशत कम आ रहा है ।हमने इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओ को निर्देश दिए है कि वे महिला मतदाताओ के घर घर जाकर सम्पर्क कर उनसे जानकारी जुटाकर बीएलओ तक सम्पूर्ण सही जानकारी पहुंचाए।

वही हम भी महिला मतदाताओ से विनम्र अपील करते है कि वे लोकतंत्र की मजबूती के लिए किए जा रहे एसआयआर कार्य मे जागरूक होकर बीएलओ को सहयोग करे। एसडीएम अग्रवाल ने बताया कि सोमवार की शाम तक एसआयआर का 67 प्रतिशत कार्य हुआ है ।शेष 33 प्रतिशत कार्य को जल्द ही पूर्ण कर हम 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर देगे।

## नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा ग्राम सभा का सफल मंचन




**बदनावर । पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मुलथान में मॉडल युवा ग्राम सभा( रूङ्घत्र्स ) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक सहभागिता, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा ग्राम शासन प्रणाली की वास्तविक समझ विकसित करना था।**

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य दीपक अग्रवाल, सरपंच देवेंद्र मोदी ग्राम मुलथान, भीम सिंह चौहान सहायक सचिव ,ग्राम मुलथान तथा उपप्राचार्य श्री देवेंद्र राव द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ

प्राचार्य दीपक अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में युवाओं को भविष्य के नेतृत्वकर्ता बताते हुए ग्रामसभा जैसी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

इसके पश्चात श्री प्रेम सिंह गिल (स्नातकोत्तर शिक्षक इतिहास) ने ग्रामसभा की अवधारणा, उसकी संरचना एवं गांव के विकास में उसकी भूमिका का विस्तृत परिचय विद्यार्थियों को दिया।

तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा ग्राम सभा का सफल मंचन किया गया। विद्यार्थी सरपंच द्वारा रूङ्घत्र्स के उद्देश्यों की प्रभावी प्रस्तुति दी गई, जिसमें सहभागिता, जागरूकता और सामाजिक सुधार की दिशा की प्रमुखता से रेखांकित किया गया।

ग्राम सभा के पश्चात मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच श्री देवेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों की सराहना की तथा संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी यदि सही दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाए तो गाँव से लेकर देश तक का विकास सुनिश्चित हो सकता है। उन्होंने ग्रामसभा को लोकतंत्र की ‡मूल इकाई‡ बताया।



## मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय बेंचप्रेस डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में धार को भारी सफलता

धार. विगत दिवस 23/11/25 को इंदौर सागर के नेहरू स्टेडियम में बेंच प्रेस डेडलिफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें धार शहर ने भारी सफलता प्राप्त की थी जिसमें द मसल फैक्ट्री जिम के मलिक मोहन चावड़ा (पहलवान) ने 93 वजन कैटेगरी में बेंचप्रेस में सबसे ज्यादा 147.5 किग्रा वजन उठाकर गोल्ड मेडल और स्ट्रांगमैन बनकर मिस्टर एमपी का खिताब प्राप्त किया,,,,साथ ही साक्षी नामदेव ने 55 वजन कैटेगरी में 50 किग्रा बेंच प्रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साथ ही अनिल गेहलोद और लखन बुंदेला ने भी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया,, भागीरथ इमलिया और संतोष इमलिया ने भी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर द मसल फैक्ट्री जिम का और धार शहर का नाम गोरांवित किया है

### पाटीदार समाज में समाज ने की दान की धन वर्षा

**बदनावर** दानशीलता भारत की एतिहासिक पृष्ठभूमि है जो सदियो से हमारा मार्गदर्शन कर रही है । सामाजिक कल्याण एवं रक्षा के लिए महर्षि दधिची का शरीर दान, वीर कर्ण का कवच दान, सेठ भामाशाह का दान हमारा गौरवशाली इतिहास है ।जो हमे प्रेरित करता है । बदनावर स्थित श्री पाटीदार पारमार्थिक एवं शैक्षणिक न्यास अपने चालीस वर्षो की यात्रा मे समाज द्वारा सहज रूप से शिक्षा हेतु दिये गये दान से क्षेत्र सफलता की कहानी बयां करता है । आज श्री अंबिका आदर्श के नाम से के.जी. से पी.जी. तक न्यूनतम शुल्क मे शिक्षा एवं सीबीएसई अंग्रजी माध्यम विद्यालय श्री सरदार पटेल विद्यापीठ के नाम से आधुनिक साधनो से शिक्षा न्यास की पहचान है । भविष्य मे कन्या शिक्षा एवं अन्य उच्च शिक्षा जैसे नर्सिंग, लॉ फार्मेसी आदि शिक्षा संस्थानो की स्थापना हेतु न्यास प्रयत्नशील है एवं इसी तारतम्य मे दिनांक 28 दिसंबर 2025,शुक्रवार को एक बडा श्री पाटीदार समाज सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है ।





# यूनिटी मार्च भारत एकता यात्रा कल धार जिले में प्रवेश करेगी

### भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती ने कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया



**धार।** राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में निकल रही यूथ यात्राओं की श्रृखला में यूनिटी मार्च नर्मदा प्रवाह भारत एकता यात्रा का 24 नवंबर को नागपुर (महाराष्ट्र) से प्रारंभ हो कर, 26 नवंबर 2025 को दोपहर 3 बजे 10 से अधिक बसों के साथ धार पहुंचेगी, जिसका भव्य स्वागत भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती के नेतृत्व धार के इंदौर- अहमदाबाद रोड़ फौजी ढाबे पर किया जाएगा।

सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने नगर पालिका अधिकारी विश्वनाथ सिंह व खेल विभाग अधिकारी के साथ कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल निगम और जयराज देवड़ा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार यूनिटी मार्च यात्रा सह प्रभारी जसप्रीत डंग भाजपा नेता मनीष प्रधान महेश रावला मौजूद रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती ने बताया कि यूनिटी मार्च यात्रा, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक राष्ट्रव्यापी जन अभियान है। सरदार पटेल का दृढ़ नेतृत्व, कूटनीतिक कौशल और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करती है, और %यूनिटी मार्च यात्रा उनकी अमर विरासत को समर्पित है। यह यात्रा सरदार पटेल के %एकीकृत भारत% के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के %विकसित और आत्मनिर्भर भारत% के मिशन से जोड़ते हुए, जनभागीदारी से एक सच्चा राष्ट्रीय अभियान बनाएगी। यात्रा का उद्देश्य—एकता, राष्ट्रभाव और सामाजिक समरसता—इन मूल्यों को मजबूत करते हुए अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## एक नजर

### विद्यालय में यातायात, साइबर सुरक्षा एवं मुस्कान अभियान पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम

# सोशल मीडिया के दुरूपयोग , रील्स बनाने की प्रवृत्ति व ऑनलाइन सुरक्षा उपायों पर जागरूक किया

धार. सोमवार काश्यप विद्यापीठ में विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव एवं 'मुस्कान अभियान' के प्रति संवेदनशील बनाने हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बदनावर थाना के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित सिंह कुशवाह (थाना प्रभारी ब दनावर) रहे। उनके साथ हीना जी (सब-इंस्पेक्टर) एवं मनोहर सिंह चौहान (सब-इंस्पेक्टर) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत विपिन जैन एवं प्रधानाचार्या नंदा व्यास द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान— हीना जोशी ने मुस्कान अभियान, बाल सुरक्षा, बालिकाओं की सतर्कता, सड़क सुरक्षा, गति नियंत्रण, हेलमेट‡सीट बेल्ट के उपयोग एवं नशे में वाहन न चलाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।




मनोहर सिंह चौहान ने वैध ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, रील्स बनाने की प्रवृत्ति और ऑनलाइन सुरक्षा उपायों पर जागरूक किया।

मुख्य अतिथि अमित सिंह कुशवाह ने मोबाइल के गलत उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव, साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट, अज्ञात लिंक व ओटीपी साझा न करने की सावधानी तथा बालिकाओं के लिए विशेष सतर्कता के संदेश साझा किए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने ट्रैफिक नियमों, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा एवं मुस्कान अभियान से संबंधित प्रश्न पूछे। अधिकारियों ने सहज एवं प्रभावी तरीके से सभी प्रश्नों का समाधान किया।

अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती नंदा व्यास ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को प्राप्त ज्ञान को जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शर्मा द्वारा किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के सुरक्षित, सजग एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।